>

Title: Need to provide sufficient funds for the completion of Khandwa-Dhar via Khargon-Balwani Broadguage Railway line project.

श्री मकनसिंह सोलंकी (खरगौन): अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, धन्यवाद। खंडवा-धार वाया खरगौन-बड़वानी ब्रॉडगेज रेल लाइन हेतु बजट में पर्याप्त राशि स्वीकृति के सम्बन्ध में मैं एक बार फिर से सदन का ध्यान दिलाना चाहता हूं।

रेल के बारे में हमने पिछले सत्र में दिनांक 08.07.2009 को हमारे क्षेत्र की रेल की समस्या के सम्बन्ध में बताया था। वर्ष 2008-09 में रेल बजट के प्रस्तुतीकरण में रेल मंत्री द्वारा नई रेल लाइन के सर्वेक्षण प्रस्ताव में खंडवा-धार वाया खरगौन-बड़वानी ब्रॉडगेज रेल लाइन का प्रस्ताव किया गया है, जिसका वर्तमान में सर्वेक्षण हो चुका है। गत 64 वर्षों से आदिवासी एवं पिछड़े क्षेत्रों में रेल लाइन अपेक्षित है। अतः 2010-11 के बजट में इसके लिए पर्याप्त धनराशि का प्रस्ताव किया जाये, ताकि आगामी वर्षों में इस रेल लाइन का कार्य पूर्ण होने पर खंडवा से गुजरात की दूरी कम हो सके। रेल लाइन बिछाने से इस क्षेत्र में छोटे-छोटे उद्योग चलाने से बेरोगजारी खत्म होगी और समय की बजत होगी। इस क्षेत्र का विकास होगा और इस क्षेत्र की जनता की जो मांग है, वह पूर्ण होगी।